# प्रादेशिक समाचार

## दिनांक–03.08.2025 (सुबह 08:30 बजे)

### मुख्य समाचार

1. **प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से की वोकल फॉर लोकल का मंत्र अपनाने की अपील, कहा–व्यापारी, केवल स्वदेशी उत्पाद बेचने का लें संकल्प ।**
2. **मंत्री रामदास सोरेन की तबीयत खराब होने पर विधानसभा के मानसून सत्र में मंत्रियों के प्रभार में बदलाव, मंत्री सुदिव्य कुमार और दीपक बिरुआ देंगे उनके विभागों से जुड़े प्रश्नों का जवाब।**
3. **निर्वाचन आयोग ने बीएलओ का पारिश्रमिक किया दोगुना, ईआरओ – एईआरओ को भी मिलेगा मानेदय।**
4. **सरायकेला में नक्सलियों के खिलाफ सफलता, कुचाई थाना क्षेत्र के जंगली पहाड़ी क्षेत्र में छिपाए भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद, किया गया नष्ट।**
5. **सब जूनियर राष्ट्रीय पुरुष हॉकी चैंपियनशिप में झारखंड ने पंजाब को 5–2 से हराकर जीत के साथ की शुरूआत, आज कर्नाटक के साथ दूसरा मैच।**

********************

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने के मार्ग पर अग्रसर है, इसलिए देश को अपने आर्थिक हितों के प्रति सजग रहना होगा। वाराणसी में आयोजित एक जन सभा में उन्होंने कहा कि हर वह चीज़ स्वदेशी है जिसमें किसी भारतीय का पसीना और मेहनत शामिल है। प्रधानमंत्री ने देशवासियों को वोकल फॉर लोकल का मंत्र अपनाकर मेक इन इंडिया उत्पादों को बढ़ावा देने का संकल्प लेने का आग्रह किया।

********************

विधानसभा का मानसून सत्र चल रहा है। इस दौरान शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन की तबीयत अचानक खराब हो गई है। झारखंड सरकार ने उनके विभागों का जवाब देने के लिए दो मंत्रियों को प्राधिकृत किया है। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग की अधिसूचना के मुताबिक दीपक बिरुआ को नियोजन विभाग, विधि विभाग, सूचना एवं जनसंपर्क विभाग, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई–गवर्नेंस विभाग के लिए प्राधिकृत किया गया है। मंत्री सुदिव्य कुमार को स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के लिए प्राधिकृत किया गया है।

********************

मंत्री रामदास सोरेन की हालत गंभीर बनी हुई है और उन्हें जीवन रक्षक प्रणाली पर रखा गया है। दिल्ली के अपोलो अस्पताल की ओर से अधिकारिक रुप से बताया गया कि वरिष्ठ विशेषज्ञों की टीम उनकी स्थिति पर कड़ी नज़र रख रही है और गहन चिकित्सा प्रदान कर रही है।

********************

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने कल दिल्ली स्थित इंद्रप्रस्थ अपोलो हॉस्पिटल पहुंचकर चिकित्सकों से राज्य के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन के स्वास्थ्य की जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने मरांग बुरू से उनके स्वास्थ्य की कामना की।

********************

राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान के तहत जून महीने के लिए धनबाद जिले में साढ़े तीन लाख से अधिक लाभुकों को सम्मान राशि का बैंक खातों में आधार–बेस्ड भुगतान कर दिया गया है।

********************

निर्वाचन आयोग ने मतदाता–सूची तैयार करने में अहम भूमिका निभाने वाले बूथ स्तरीय अधिकारियों–बीएलओ का पारिश्रमिक दोगुना कर दिया है और बीएलओ पर्यवेक्षकों के पारिश्रमिक में भी वृद्धि की है। बीएलओ का वार्षिक पारिश्रमिक छह हजार रुपये से बढाकर बारह हजार रुपये कर दिया गया है। बीएलओ की प्रोत्साहन राशि भी एक हजार से बढाकर दो हजार रुपये कर दी गई है। अब पहली बार, निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों और सहायक निर्वाचक पंजीकरण अधिकारियों को भी मानदेय मिलेगा।

********************

सरायकेला–खरसावां जिले में नक्सलियों की ओर से छिपाए गए विस्फोटकों की एक और बड़ी खेप बरामद की गई है। भाकपा उग्रवादियों द्वारा दलभंगा ओपी क्षेत्र में सिकरम्बा के पहाड़ी इलाके से सुरक्षा बलों ने स्टील कंटेनर से पांच प्लास्टिक बैग में कुल 125 किलोग्राम अमोनियम नाइट्रेट पाउडर बरामद किया। सभी विस्फोटकों को मौके पर ही बम निरोधक दस्ते ने नष्ट कर दिया ।

********************

लातेहार जिले में पुलिस ने राहुल दुबे गैंग के 6 अपराधियों को हथियार के साथ गिरफ्तार किया है। सभी अपराधियों की गिरफ्तारी विभिन्न जिले में छापेमारी कर की गई है। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने प्रेस वार्ता में बताया कि ये सभी अपराधी कोलियारी में आगजनी और गोलीबारी की घटना में शामिल थे।

********************

रांची में डाक मंडल की समीक्षात्मक बैठक में विभागीय उपलब्धियों, पुरस्कार वितरण समेत अन्य गतिविधियों पर चर्चा हुई। इस मौके पर वरिष्ठ डाक अधीक्षक रूपक कुमार सिन्हा ने डाक जीवन बीमा औेर लघु बजट योजनाओं की जानकारी दी।

इस मौके पर उत्कृष्ट कार्यों के लिए टीम लीडर्स और अन्य कर्मियों को सम्मानित भी किया गया

********************

सावन की अंतिम सोमवारी पर कांवरियों की सुरक्षा और भीड़ नियंत्रण को लेकर देवघर में जिला प्रशासन सजग हैं । बीएड कॉलेज परिसर में उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा और पुलिस अधीक्षक अजीत पीटर डुंगडुंग ने मेले में प्रतिनियुक्त सभी दण्डाधिकारी, अधिकारी और बाहर से आए पुलिस अधिकारियों को ब्रीफ किया। उपायुक्त ने श्रद्धालुओं को सुगमतापूर्वक जलार्पण कराने पर विशेष रूप से ध्यान रखने का निर्देश दिया।

********************

**और अब अखबारों की सुर्खियां–**

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने मंत्री रामदास सोरेन की खराब तबीयत और दिल्ली के अस्पताल में इलाज की खबर को प्रमुखता दी है।

**दैनिक भास्कर ने लिखा है**–शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन बाथरूम में गिरे,सिर में आई चोट, हालत गंभीर

**हिन्दुस्तान के शब्द हैं**–स्कूलों के जर्जर भवन तोड़े जाएंगे, होगी कार्रवाई।

******समाप्त********